भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.08.2023

आरेडिका में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के कारखाना परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन में सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक 03.08.2023 को सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में यांत्रिक विभाग के शैलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप, और प्रोगेस एवं फर्निशिंग अनुभाग में कार्यरत अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों को नियामनुसार एवं पारदर्शी तरीके से कार्य के निष्पादन हेतु दिशा–निर्देशों पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर श्री संजय तिवारी वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी के द्वारा अनुबंधों के निष्पादन पर केस स्टडी के माध्यम से संबंधित विषय पर व्याखान दिया। इसी कड़ी में आगे डिप्टी सीएमई/एस एवं बी प्रोग्रेस और डिप्टी सीएमई/एफपी ने भी सतर्कता पर अपने विचार रखे।

इस संगोष्ठी में उत्पादन से जुडे यांत्रिक विभाग के अधिकारियों एवं उनके अधीन कार्यरत पर्यवेक्षकों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

04/8/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी